प्रेस नोट

पूर्व कलेक्टर श्री ओझा का बैंक द्वारा किया गया सम्मान

विदिशा 07.09.2016

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. विदिशा द्वारा विदिशा जिले के पूर्व कलेक्टर श्री एम. बी. ओझा का विदाई समारोह बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में स्वागत भाषण में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय प्रकाश सिंह ने पूर्व कलेक्टर श्री ओझा द्वारा बैंक को किए गए सहयोग के बारे में बताया।

बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा द्वारा पूर्व कलेक्टर श्री एम. बी. ओझा का पुष्प गुच्छा भेंट कर शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया एवं बैंक परिवार की ओर से स्मृति चिंह भेंट किया गया।

बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने पूर्व कलेक्टर श्री एम. बी. ओझा के कार्यकाल की प्रशंसा की। श्री शर्मा ने कहा कि, प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान का जिले पर पूरा स्नेह बना रहता एवं इसके विकास की वह चिंता रखते हैं। साथ ही विदेश मंत्री दीदी श्रीमति सुषमा स्वराज का संसदीय क्षेत्र होने से पूर्व कलेक्टर महोदय की जिम्मेदारी और दायित्व अधिक रहें हैं जिन्हें उन्होंने पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पूर्ण किया है। आपसी समन्वय स्थापित कर कलेक्टर महोदय द्वारा कार्य किए गए हैं, श्री ओझा जी के कार्यकाल में जिले में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। साथ ही श्री शर्मा ने उनके कार्यकाल को कलेक्टरी नहीं बल्कि जिले के मुखिया के रूप में बताया जिसको पूरे जिले की चिंता रही एवं शासन की योजनों को सुचारू संचालन कर जिले के विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। श्री शर्मा ने पूर्व कलेक्टर को बधाई एवं शुभकामनायें ज्ञापित कीं।

कलेक्टर श्री एम. बी. ओझा द्वारा जिला सहकारी बैंक विदिशा की प्रशंसा की। उन्होंने जिला सहकारी बैंक को जिले के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी माना। श्री ओझा ने कहा कि आपका बैंक प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों की अपेक्षा जिले में बेहतर कार्य कर रहा है शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में इसकी हिस्सेदारी है। मुआवजा वितरण, फसल बीमा वितरण जैसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को भी जिला सहकारी बैंक विदिशा द्वारा शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है। कभी किसी भी प्रकार की शिकायत आपके बैंक के विरूद्ध मेरे कार्यकाल में प्राप्त नहीं हुई उन्होंने इसके लिए बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं पूरे प्रबंधन की प्रशंसा की।

इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र चौधरी, एस. डी. एम. श्री आर. पी. अहिरवार बैंक उपाध्यक्ष श्री दिनेश सोनी, संचालक श्री भगवान सिंह धाकड़, उपायुक्त सहकारिता श्री भूपेंद्र प्रताप सिंह सहित बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन बैंक उपाध्यक्ष श्री दिनेश सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
विदिशा

प्रति,

प्रतिनिधि/ब्यूरो चीफ

दैनिक ....

विदिशा